केन्या के राष्ट्रपति, डॉ. विलियम रुटो
के सम्मान में आयोजित भोज में
भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, 05 December, 2023

आज भारत की पहली राजकीय यात्रा पर, महामहिम डॉ. विलियम रुटो का हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

2016 में प्रधान मंत्री मोदी जी की केन्या यात्रा के बाद हासिल की गई उपलब्धियों ने हमारे ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत किया, और आपसी हित के कई क्षेत्रों में हमारी साझेदारी का विस्तार हुआ है। हमारी मित्रता अब एक मजबूत द्विपक्षीय रिश्ते में परिपक्व हो गई है, जो व्यापार, शिक्षा और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग पर आधारित है। इसके अलावा, हमने आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन सहित वैश्विक चुनौतियों के खिलाफ अपनी साझेदारी को बढ़ाया है।

मुझे खुशी है कि हाल के दिनों में, हमारे दोनों देशों के बीच मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर अधिक से अधिक आदान-प्रदान हुआ है। इस वर्ष March में, मुझे केन्या की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश से मिलने का अवसर मिला। मुझे यह भी बताया गया है कि हाल ही में, First Lady श्रीमती रेचेल रुटो को मेरे गृह राज्य ओडिशा में स्थित Kalinga Institute of Social Sciences के द्वारा उनके मानवीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। केन्या की महिला

नेताओं को देश के विकास में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते देखना प्रेरणादायक है।

केन्या में संपन्न भारतीय समुदाय, जिसे देश की 44वीं जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त है, हिंद महासागर की लहरों को पार करते हुए हमारे देशों के बीच एक स्थायी पुल के समान है। केन्याई समाज और अर्थव्यवस्था में उनकी अभिन्न भूमिका हमारे गहरे संबंधों, और केन्याई समाज के समावेशी चरित्र को दर्शाती है ।

अनेक केन्याई विद्यार्थियों ने अपनी उच्च शिक्षा के लिए भारत को चुना है। केन्या में पर्यटकों की संख्या में भारतीय पहले से ही पांचवें स्थान पर हैं, और यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। ज्ञान और संस्कृति का यह आदान-प्रदान हमारे दोनों समाजों को समृद्ध बनाता है।

भारत केन्या के प्रमुख व्यापार साझेदारों और निवेशकों में से एक है। केन्या में भारतीय व्यवसाय फल-फूल रहे हैं, और एक गतिशील द्विपक्षीय संबंध में अपना योगदान दे रहे हैं।

महामहिम, आपने Global South के प्रमुख मुद्दों के लिए वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस अवसर पर मैं पहले Africa Climate Summit की मेजबानी के लिए आपको बधाई देती हूं, और इस गंभीर वैश्विक मुद्दे पर आपके नेतृत्व की सराहना करती हूं।

भारत की अध्यक्षता में G-20 में African Union को पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया जाना, हमारे लिए खुशी की बात है। Global South के हितों को बनाए रखने के आपके सभी प्रयासों में भारत आपका दृढ़ भागीदार रहेगा।

आपकी विकास यात्रा में एक विश्वसनीय partner बनने के लिए, और आपकी प्राथमिकता के क्षेत्रों में आपके साथ काम करने के लिए, मैं अपनी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त करती हूं। आज हमारे बीच आपकी गरिमामयी उपस्थिति हम सभी को इस खूबसूरत साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।

इन्हीं शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिलकर:

- *महामहिम के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,*
- *केन्या के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि,*
- *और भारत और केन्या के बीच दोस्ती को हमेशा बनाये रखने के लिए,*

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।